Calgary Livery Transport Services

**बुलेटिन #008**

**एलटीएस लाइसेंसिंग फ़ीस अपडेट** **11 मई 2020**

कोविड -19 महामारी ने टैक्सी और लिमोज़ीन उद्योग को काफ़ी प्रभावित किया है, क्योंकि 2020 मार्च की शुरुआत से ही यात्राएं 80 प्रतिशत तक कम हो गई हैं। नतीजतन, सिटी काउंसिल से अनुरोध किया गया कि वह लाइसेंस रिन्यूअल फ़ीस को कम करने पर विचार करें ताकि लिवेरी उद्योग के सहभागियों को वित्तीय सहायता प्रदान की जा सके।

आज, सिटी काउंसिल ने 15 मई 2020 से 14 मई 2021 तक की समय सीमा के लिए फ़ीस में निम्नलिखित कटौती को मंजूरी दी:

- टैक्सी और लिमोज़ीन के ड्राइवर की लाइसेंस रिन्यूअल फ़ीस को माफ़ किया ($141 → $0)
- टैक्सी प्लेट लाइसेंस रिन्यूअल फ़ीस में 50 प्रतिशत की कमी की ($912 → $456)
- लिमोज़ीन प्लेट लाइसेंस रिन्यूअल फ़ीस में 50 प्रतिशत की कमी की ($731 → $365.50)

याद रहे कि, ड्राइवरों को अब भी अपनी टैक्सी और/या लिमोज़ीन ड्राइवर के लाइसेंस का रिन्यूअल (लिवेरी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज ऑफ़िस में) करवाने की आवश्यकता है; इसमें कैलगरी पुलिस सेवा सूचना जांच पूरी करना शामिल है। उन ड्राइवरों के लिए जिन्होंने जनवरी 2020 से 14 मई 2020 के बीच अपने लाइसेंस का रिन्यूअल कराया है, उन्हें 2021 का रिन्यूअल, बिना कोई खर्च किए प्राप्त होगा।

प्लेट लाइसेंस रिन्यूअल फ़ीस में कमी के अलावा, कृपया ध्यान दें:

- टैक्सी प्लेट लाइसेंस रिन्यूअल की अवधि 30 सितंबर 2020 तक बढ़ा दी गई है।
- लिमोज़ीन प्लेट लाइसेंस रिन्यूअल की अवधि 31 दिसंबर 2020 तक बढ़ा दी गई है।

एलटीएस यह भी बताना चाहता है कि संघीय और प्रांतीय सरकार ने उन व्यक्तियों की सहायता के लिए धन आवंटित किया है जो कोविड -19 से आर्थिक रूप से प्रभावित हुए हैं। आपसे आग्रह है कि आप इन विकल्पों को अच्छी तरह से जान लें क्योंकि हो सकता है कि आप सहायता हेतु आवेदन करने के पात्र हों। Visit the website for information

यदि आपके कोई प्रश्न हैं, तो कृपया हमारे कार्यालय को Liverytransport@calgary.ca.पर ईमेल करें। कृपया ध्यान दें, इस बुलेटिन का अनुवाद अन्य भाषाओं में किया जा रहा है और जल्द से जल्द प्रदान किया जाएगा।

भवदीय,

कॉरी पोर्टर
कार्यकारी चीफ़ लिवेरी इंस्पेक्टर
कैलगरी कम्युनिटी स्टैण्डर्ड्स